BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ......HARI BHOOMI......

Date 13/08/2024........ Page ......13...... Column ...03......

Subject बीएमयू में राष्ट्रीय पुस्तकालय अध्यक्ष दिवस पर संबोधित करते हुए वक्ता।

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पुस्तकालय अध्यक्ष दिवस पर संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो: हरिभूमि

विद्यार्थियों को लाइब्रेरी का महत्व बताया

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, मानविकी संकाय में सोमवार को राष्ट्रीय पुस्तकालय अध्यक्ष दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकालय की उपयोगिता और महत्व के बारे में जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मानविकी संकाय के उपअधिष्ठाता डॉ. बीके झा द्वारा की गई, जिन्होंने बच्चों को लाइब्रेरी के उपयोग और उसके महत्व के बारे में बताया। मुख्य वक्ता डॉ. सीमा रानी, उपाध्यक्ष पुस्तकालय, विवेकानंद लाइब्रेरी ने पुस्तकालय विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. एसआर रंगनाथन के जीवन, उनके योगदान और पुस्तकालय विज्ञान में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का विस्तार से वर्णन किया। डॉ. शीला डबास ने पुस्तकालय विज्ञान की सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी।